इतिहास विभाग द्वारा अंतरः महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 10–09–2018 को संभाग प्रथम के सभागार में इतिहास विभाग के द्वारा एक अंतरःमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था – **"सुभाष चन्द्र बोस का जीवन और उनका भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान"** जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के इतिहास विभाग के छात्र–छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय की टीम वर्षा भाटी व सोनिया भाटी रही, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय तावडू की टीम के छात्र रोहित व वसीम तथा तृतीय स्थान सरस्वती महाविद्यालय की छात्राओं मीनू व पूजारावत ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त जी ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा की यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को जानने में सहायक के साथ–साथ सहयोग की भावना को भी प्रबल बनाती है और मिलकर कार्य करना सिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरुषों के तप, त्याग, संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया और कहा जो समाज के लिए मरते हैं, समाज उन्हें हमेशा जिंदा रखता है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सुभाष चन्द्र बोस और उनके स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान का ज्ञान कराया और कहा भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में लाखों लोगों ने भाग लिया था जिनमें से कुछ अपनी योग्यता व कुर्बानी से भारतीय इतिहास में अपना नाम भी अमर कर गए। अन्त में इतिहास विभाग की प्रवक्ता मैडम सुप्रिया ढांड़ा ने बाहर से आये सभी प्राध्यापकों व उपस्थित सभी जन का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अन्य महाविद्यालयों से डॉ. रनबीर सिंह, डॉ. रवि कुमार, डॉ. सुषमा व श्रीमती रेनू बाला उपस्थित रहीं।